Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005
Participants : Mohale Shri Punnulal,Gandhi Shri Pradeep

Title: Need to provide financial package to the drought effected States, including Chattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं पूरे देश के सूखा प्रभावित क्षेत्रों के बारे में कहना चाहता हूं । देश में छत्तीसगढ़ राज्य सहित गुजरात, महाराट्र, मध्य प्रदेश आदि राज्यों के कई भागों में सूखा पड़ा हुआ है।

MR. SPEAKER: There is a discussion on this. You can take part then.

श्री पुन्नू लाल मोहले : सूखे की चपेट के कारण पुनहारी और सीयारी दोनों फसलों का नुकसान हो गया है। किसान बरबादी की कगार पर हैं। किसान तथा मजदूर भटक रहे हैं। दिल्ली, भोपाल, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों में ये लोग खाने-कमाने के लिए चले जा रहे हैं। अकाल की स्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार अपने संसाधनों से जितनी सहायता दे सकती है, उन्हें दे रही है। मैं केन्द्रीय सरकार से मांग करना चाहूँगा कि प्रत्येक राज्य को तीन-तीन हजार करोड़ रूपयों की आर्थिक सहायता दे, जिससे छत्तीसगढ़ का विकास हो सके और पुल-पुलिया, रोड़, सड़क, गली एवं स्टाप डैम मध्य प्रदेश में बनाए जा सकें। सभी सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए केन्द्र सरकार आवश्यक कदम उठाए और तीन-तीन हजार करोड़ रूपये उनके विकास के लिए देने का कट करें।

श्री प्रदीप गांधी (राजनंदगांव) : मैं भी अपने आपको इस से संबद्ध करता हूं ।

MR. SPEAKER: Do you want to associate? You can associate. But, you are not in your seat.